Sign in to edit and save changes to this file.

सूर्योदय 05.19 | सूर्यास्त 07.05 | कानपुर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित | वर्ष : 15 अंक : 03 | कानपुर, शनिवार 01 जुलाई 2023 | नगर संस्करण | पृष्ठ 12 | मूल्य : 2.00 रुपए

अधिकतम 29.0° | न्यूनतम 26.0°

सोना ₹ 60,015

चांदी ₹ 74,800

# राष्ट्रीय स्वरूप

w.rashtriyaswaroop.in

भारतीय टीम की चयन समिति के अध्यक्ष बन सकते हैं आगरकर 10



# तीन दिवसीय क्षेत्रीय कार्यशाला का शुभारंभ

कानपुर । आईसीएआर अटारी जोन 3 की 30वीं क्षेत्रीय कार्यालय का तीन दिवसीय आयोजन 30 जून से 02 जुलाई तक बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, बनारस में प्रारंभ किया गया। जिसका उद्घाटन महारानी लक्ष्मी बाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय झांसी के कुलाधिपति डॉ पंजाब सिंह एवं अतिथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ पंजाब सिंह ने वैज्ञानिकों का आवाहन किया कि वे अपने अनुभव व ज्ञान को निरंतर आगे बढ़ाते रहें। जिससे अनुसंधान कार्यों को और गति प्रदान की जा सके। उन्होंने कहा कि बदलते मौसम के हिसाब से ऐसी प्रजातियों का विकास करें जो मौसम अनुकूल हो। इस अवसर पर बीएचयू के कुलगुरू डॉक्टर वी के शुक्ला ने कहा कि कृषि में महिलाओं और युवाओं का योगदान उल्लेखनीय है।उन्होंने कहा कि हमें प्रति इकाई उत्पादन बढ़ाना होगा। इस अवसर पर भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान नई दिल्ली के उप महानिदेशक कृषि प्रसार डॉ यूएस गौतम ने कहा कि जल, जमीन, जलवायु एवं जंगल को बचाना है।उन्होंने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र और अधिक मॉडर्न व उनकी दक्षता को बढ़ाना है। डॉ गौतम ने कहा कि आने वाले समय में कृषि विज्ञान केंद्रों की भूमिका अधिक होगी। इस अवसर पर सहायक महानिदेशक कृषि प्रसार डॉक्टर रंजय कुमार सिंह ने कहा कि ड्रोन के प्रयोग और अधिक किसानों के खेतों पर कराया जाए जिससे कम समय वह कम लागत में अच्छी खेती की जा सके। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कुलपति डॉ आनंद




कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश में फूलों की खेती को बढ़ावा दिया जाएगा जिससे कृषक स्वावलंबी 1 आत्मनिर्भर हों। आईसीएआर अटारी के निदेशक डॉक्टर एसके दुबे ने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्रों में 17 सेंटर आफ एक्सीलेंस, 7 सीड हब स्थापित किए जा रहे हैं। 52 कृषि विज्ञान केंद्रों में प्राकृतिक खेती प्रारंभ की जा रही है। इस अवसर पर सभी विश्वविद्यालयों के निदेशक प्रसार, कृषि विज्ञान केंद्रों के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक सहित उत्तर प्रदेश के सभी कृषि विज्ञान केंद्रों ने प्रतिभाग किया।

अमर उजाला कानपुर 01/07/2023



# बीएड प्रवेश परीक्षा में सीएसए के छात्र राहुल को दूसरा स्थान

## वाराणसी की शालिनी पटेल रहीं प्रदेश में अव्वल



शालिनी



राहुल

झांसी। शुक्रवार को बुंदेलखंड विश्वविद्यालय द्वारा बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया, जिसमें वाराणसी की शालिनी पटेल ने प्रवेश में टॉप किया। कानपुर नगर के राहुल कुमार दूसरे स्थान पर रहे। राहुल चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि के एमएससी (द्वितीय वर्ष) के छात्र हैं। टॉप टेन की सूची में छह छात्र व चार छात्राओं ने जगह बनाई है। सफल अभ्यर्थियों को कॉलेज आवंटन के लिए अब काउंसलिंग 10 जुलाई से शुरू होगी। ब्यूरो >> संबंधित पेज 5/माई सिटी 7

लना टॉपर



प्रदेश में दूसरा स्थान पाने वाले राहुल अपने मां रामश्री के साथ। स्वयं

## शिक्षक बनकर अगली पीढ़ी संवारेंगे राहुल

जासं, कानपुर : बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा में प्रदेश स्तर पर दूसरा स्थान चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) के एमएससी छात्र राहुल को मिला है। शुक्रवार परीक्षा में सफलता की सूचना विश्वविद्यालय के कुलपति ने दी। शिक्षकों को मिलने से प्रभावित राहुल का क रत की अगली पीढ़ी को देकर राष्ट्र निर्माण में ना चाहते हैं। बदायूं में एत्मा मूल निवासी राहुल सीएसए के आवास में रहते हैं। राहुल टर उत्तीर्ण करने के घर में ही बैठा रहा। श परीक्षा में सफलता नहीं ार से लैपटाप मिला तो घर से आनलाइन पढ़ाई कर तैयारी की और बीएससी एग्रीकल्चर में प्रवेश मिल गया। अब एमएससी एग्रीकल्चर में अंतिम वर्ष की पढ़ाई चल रही है।

गभग
में से
दानित
ट हैं।
ना के
2,393
सीट
प्रत्येक
ीट पर
दावा
पिछड़ा
र्थियों ने
जबकि
7,017,
04,728
5 1904
शीर्ष 10
पिछड़ा
मान्य व

दैनिक जागरण

SKS NEWS
हिन्दी दैनिक
# समाज का साथी
कानपुर नगर से प्रकाशित
अंक: 306 कानपुर शनिवार, 01 जुलाई 2023 पृष्ठ -8

# तीन दिवसीय क्षेत्रीय कार्यशाला का शुभारंभ




**निज प्रतिनिधि**

कानपुर। आईसीएआर अटारी जोन 3 की 30वीं क्षेत्रीय कार्यालय का तीन दिवसीय आयोजन 30 जून से 02 जुलाई तक बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, बनारस में प्रारंभ किया गया। जिसका उद्घाटन महारानी लक्ष्मी बाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय झांसी के कुलाधिपति डॉ पंजाब सिंह एवं अतिथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ पंजाब सिंह ने वैज्ञानिकों का आवाहन किया कि वे अपने अनुभव व ज्ञान को निरंतर आगे बढ़ाते रहें। जिससे अनुसंधान कार्यो को और गति प्रदान की जा सके। उन्होंने कहा कि बदलते मौसम के हिसाब से ऐसी प्रजातियों का विकास करें जो मौसम अनुकूल हो। इस अवसर पर बीएचयू के कुलगुरू डॉक्टर वी के शुक्ला ने कहा कि कृषि में महिलाओं और युवाओं का योगदान उल्लेखनीय है उन्होंने कहा कि हमें प्रति इकाई उत्पादन बढ़ाना होगा। इस अवसर पर भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान नई दिल्ली के उप महानिदेशक कृषि प्रसार डॉ यूएस गौतम ने कहा कि जल, जमीन, जलवायु एवं जंगल को बचाना है उन्होंने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र और अधिक मॉडर्न व उनकी दक्षता को बढ़ाना है। डॉ गौतम ने कहा कि आने वाले समय में कृषि विज्ञान केंद्रों की भूमिका अधिक होगी। इस अवसर पर सहायक महानिदेशक कृषि प्रसार डॉक्टर रंजय कुमार सिंह ने कहा कि ड्रोन के प्रयोग और अधिक किसानों के खेतों पर कराया जाए जिससे कम समय वह कम लागत में अच्छी खेती की जा सके । चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कुलपति डॉ आनंद कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश में फूलों की खेती को बढ़ावा दिया जाएगा जिससे कृषक स्वावलंबी 1 आत्मनिर्भर हों। आईसीएआर अटारी के निदेशक डॉक्टर एसके दुबे ने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्रों में 17 सेंटर आफ एक्सीलेंस, 7 सीड हब स्थापित किए जा रहे हैं। 52 कृषि विज्ञान केंद्रों में प्राकृतिक खेती प्रारंभ की जा रही है। इस अवसर पर सभी विश्वविद्यालयों के निदेशक प्रसार, कृषि विज्ञान केंद्रों के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक सहित उत्तर प्रदेश के सभी कृषि विज्ञान केंद्रों ने प्रतिभाग किया।

## मोदी सरक
## के



कानपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मो
में सेवा, सुशासन और गरीब ?
सफलतापूर्वक 9 वर्ष पूर्ण होने
में महाजनसंपर्क अभियान
आयोजित सम्पर्क से समर्थन
शुक्रवार को भाजपा साहित्य प्र
कानपुर दक्षिण के संयोजक प्रका
के नेतृत्व मे भाजपाइयों ने मोदी
9 वर्ष की उपलब्धियों एवं जन ब
योजनाओं की जानकारी घर-घ
तथा 9090902024 पर मिस्ड क
पार्टी द्वारा चलाये जा रहे नमो

# Campus

# बीएड प्रवेश परीक्षा में प्रदेश में दूसरे स्थान पर किसान का बेटा

## सीएसए से बीएससी और एमससी के बाद पीएचडी की प्रवेश परीक्षा भी पास कर चुके हैं राहुल कुमार

## आर्थिक तंगी की वजह से नहीं करेंगे पीएचडी बगैर कोचिंग पाए हैं 400 में 360 अंक

माई सिटी रिपोर्टर

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि (सीएसए) के छात्र राहुल कुमार ने बीएड प्रवेश परीक्षा में प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। सीएसए से बीएससी और एमससी के बाद पीएचडी की प्रवेश परीक्षा पास कर चुके राहुल ने बिना कोचिंग के यह सफलता पाई है।


राहुल कुमार।

### रोजाना आठ घंटे पढ़ाई कर पाई सफलता

राहुल ने बताया कि दोपहर में हॉस्टल में सो रहा था, तभी बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी के कुलपति ने मुझे फोन पर यूपी में दूसरा स्थान पाने की सूचना दी। इसके बाद जब मैंने परिणाम ऑनलाइन देखा तो मुझे विश्वास हुआ। उनका कहना है कि टॉप टेन में आने की उम्मीद थी। राहुल कुमार ने कहा कि रोजाना आठ घंटे की पढ़ाई की।

मूल रूप से बदायूं के रहने वाले राहुल ने 10वीं की पढ़ाई बदायूं और 12वीं पढ़ाई संभल से की। उनको बीएड प्रवेश परीक्षा में 400 में से 360 अंक मिले हैं। पिता प्रमोद कुमार छोटे किसान हैं, मां रामश्री देवी गृहिणी हैं। बहन ममता निजी कॉलेज से बीएड कर रही है। राहुल ने बताया कि आर्थिक संकट की वजह से पीएचडी के सपने को त्याग कर बीएड करके ही शिक्षक बनेंगे।

राहुल कहते हैं बीएड में सरकारी कॉलेज में मिलेगा, जिसकी फीस 5500 रुपये सालाना है, ऐसे में ज्यादा आर्थिक भार नहीं पड़ेगा। साथ ही स्कॉलरशिप भी मिल जाएगी।

उन्होंने बताया कि पीएचडी में साल भर में एक लाख से ऊपर का खर्च आएगा। उन्होंने बताया कि सरकार की ओर से दिए गए लैपटॉप की मदद से ऑनलाइन तैयारी की है। यूट्यूब में ट्यूटोरियल वीडियो देखकर भी पढ़ाई की।